दिनांक : 07.01.2026 समय : 02.10चउ

पीएम- समुद्र प्रताप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा में तटरक्षक बल के पोत, समुद्र प्रताप को बेडे में शामिल किए जाने की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह पोत आत्मनिर्भर भारत की भावना के दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा समुद्र प्रताप पोत, राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करता है और सरकार की सतत विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आज भोपाल में 29वें राष्ट्रीय स्तर युवा उत्सव एवं 'विकसित भारत यंग लीडर संवाद' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से कई विषयों पर संवाद किया ; उन्होंने ने अपने संबोधन में सभी से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया ।

उन्होंने युवाओं को नवाचार, नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्लेटफॉर्म– प्रगति

शासन में सक्रियता और योजनाओं पर समयबद्ध तरीक़े से अमल के लिए प्रधानमंत्री के अग्रणी प्लेटफॉर्म– प्रगति की अब तक 50 बैठक हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस प्लेटफार्म की शुरुआत की थी जिससे परियोजनाओं की स्थिति की तत्क्षण जानकारी ली जाती है। इसकी बैठकों में बुनियादी परियोजनाओँ और लोक शिकायतों की सीधे प्रधानमंत्री द्वारा समीक्षा की जाती है। इस विशेष श्रृंखला में आज एक नज़र हिमाचल प्रदेश की पार्वती-2 पनबिजली परियोजना पर

बैडमिंटन

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने मलेशिया ओपन सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। आठवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन को सीधे सेटों में 21–13, 22–20 से हराया।अगले दौर में सिंधु का मुकाबला जापान की तोमोका मियाजाकी से होगा।

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। कई जिलों में घना कोहरा, शीतलहर और कोल्ड-डे जैसी स्थिति बनी हुई है। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। राजधानी भोपाल में जनवरी की सर्दी ने पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में कोहरे का असर बना रहेगा। ठंड को देखते हुए इंदौर, रायसेन, ग्वालियर और नर्मदापुरम में आज भी स्कूल बंद हैं, वहीं कुछ जिलों में कक्षाएं सुबह 9 बजे बाद संचालित होंगी। कोहरे के कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित है—दिल्ली से आने वाली कई ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं।

<u>समाचार संक्षेप में &</u>

- सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश के सभी सीईओ से वन-टू-वन चर्चा कर बैंकों की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा की तथा भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
- जबलपुर नगर निगम द्वारा आयोजित जनसुनवाई में पहली बार विशेष रूप से 'जल सुनवाई' पर जोर दिया गया। आज भी जल सम्बन्धी समस्याओं पर सुनवाई हो रही है।
- कटनी में राष्ट्रीय स्तर पर संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का कार्यक्रम यातायात पुलिस द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
- आगरमालवा शहर के लोगों को साफ पेयजल उपलब्ध हो सके, इसके लिये नगरपालिका द्वारा पानी की पाइप लाइनों की मरम्मत की जा रही है।
- सतना और मैहर जिले मे घने कोहरे ओर ठिठुरन से जन जीवन प्रभावित है। तापमान गिरकर सात डिग्री सेल्सियस तक पहुँचा गया है।